मनमानी | ग्राम रोजगार सहायक के कंधे पर खेला जा रहा घोटाले का खेल

# चीचली जनपत पंचायत में हो रहे है भारी भ्रष्टाचार

**नरसिंहपुर।** खबर चीचली जनपद पंचायत से है जहाँ ग्राम पंचायत खंचारी के रोजगार सहायक के कंधे पर बंदूक रख रखने की तर्ज पर सचिव सरपंच द्वारा मोटी रकम निकालकर कार्य नही करने की बात सामने आई हैं जैसे चुनाव अपने कार्यों के लिए ही लडा हो ग्राम विकास पर नहीं बिल्कुल ध्यान नहीं लोगों ने बताया कि शमशान घाट समतलीकरण ग्राम खंचारी में वर्ष 2021-22 में हुआ था जब से रोजगार सहायक के द्वारा वर्ष21,22,23, और 2024 तक मास्टर चलकर राशि निकाली जा रही है।

जब इस बात की पुष्टि करने के लिए हमारी टीम ने मौके पर जाकर जायजा लिया तो देखा गया कि और लोगों से पूछा तो बात की सत्यता निकाल कर सामने आई और फिर उन्होंने काबुल भी किया कि नए सरपंच साहब के कार्यकाल में इस कार्य की 40000 अंकन से ज्यादा की राशि निकाली है और कार्य नहीं किया गया लेकिन निकल गई राशि से आगामी समय में सीसी सड़क बनबा देंगे इसलिए 3 साल से पैसे निकाल कर इकट्ठा कर रहे हैं।




### 3 वर्ष से कार्य लगा ही नहीं

जब उनसे पूछा कि कार्य किए बिना ही कैसे पैसे निकाले तो उनके द्वारा कहा गया कि नहीं कार्य तो किया है जब मौका स्थल पर मौजूद लोगों ने भी बताया कि 3 वर्ष से कार्य लगा ही नहीं है और पैसे निकल गए तो यह उनके जेब में ही गए हैं उक्त बात से सरपंच प्रतिनिधि भड़कने की कारगर पर थे जैसे तैसे लोगों ने अपनी बात को दबाया तब मामला शांत हुआ आंगनवाड़ी मैदान में सबसे छोटे कार्य परभणी दस के नाम पर भी लाखों रुपए की राशि निकाली गई।

### पंचायत मंत्री से होगी शिकायत

करीबन 40 से 50000 नए सरपंच के कार्यकाल में निकले हैं लेकिन काम नहीं हुआ है मामला यह है कि जब काम हुआ ही नहीं तो इस तरह अग्रिम राशि किस तरीके से निकल जाती है और वह धन्य है इंजीनियर जो बगैर काम किए हुए ही कार्य का मूल्यांकन कर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देता है , नाला निर्माण कार्य में भी हुआ घोटाला ऐसा नही है कि पंचायत में अन्य कोई सचिव नही है लेकिन अपनी मनमर्जी में मग्न अंधाधुंध गफलत को अंजाम तक पहुचाने में सहायक सचिव को कोई गुरेज नही है। अभी हाल में ही एक भ्रष्टाचार का प्रदर्शन करते हुए रोजगार सहायक ने ग्राम खंचारी में नवीन तालाब का निर्माण कराया जिसमे ना तो मजदूरो ने कार्य किया है बस जेसीबी से कुछ घंटे कार्य कराकर 28000 से ज्यादा की राशि के मस्टरोल चलाकर पेशे निकाले हैं और,ना स्टीमेट के आधार पर निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

### ग्रामवासी करेंगे बड़ा खुलासा

जब हमारे संवाददाताओं ने मौके पर जाकर देखा तो ग्राम समरिया कला में आंगनबाड़ी भवन मौजूद ही नहीं है किराए पर किसी के यहां आंगनबाड़ी लगती है और आंगनबाड़ी मैदान में छोटा कार्य के नाम से बनी स पर राशि निकालकर शुद्ध भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया। ग्राम में निवास रात लोगों का कहना है कि ना तो ग्राम में साफ सफाई होती है ना ही अन्य निर्माण कार्यों में उन्हें मनरेगा के तहत मजदूरी दी जाती है शुद्ध में प्रमाणिक बातों से उन्होंने बताया कि शांति धाम में हुए समतलीकरण में 3 वर्ष से मास्टर चलकर राशि निकल रही है तो यह राशि जा कहां रही है जबकि 3 वर्ष पहले काम लगा हुआ था इस तरीके से किया जा रहे कार्यों में विकास की क्या आशा कर सकते हैं उन्होंने कहा कि योग्य ईमानदार अधिकारी कर्मचारी से किए गए समस्त निर्माण कार्यों की व महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना से हुए सभी कार्यों की जांच होती है।




# आयोजित हुए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**नरसिंहपुर।** लोकसभा निर्वाचन- 2024 के अंतर्गत जिले को मतदान में नम्बर वन बनाने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शीतला पटले एवं सीईओ जिला पंचायत व नोडल अधिकारी स्वीप दलीप कुमार के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है।

लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत कौशल प्रशिक्षण संस्थान गाडरवारा के छात्र- छात्राओं द्वारा रैली निकालकर मतदान का संदेश दिया। हायर सेकेण्डरी स्कूल खुलरी व शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुलरी, पीएम शासकीय हाईस्कूल मोहद, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इमलिया गोटेगांव के कर्मचारियों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली, शासकीय हाईस्कूल हिरनपुर, शासकीय हाई स्कूल रामपिपरिया, हाईस्कूल मर्रावन, शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरहटा, उत्कृष्ट विद्यालय नरसिहपुर में रंगोली बनाकर मतदान का संदेश दिया। शासकीय हाईस्कूल राखी भैंसा विकास खंड गोटेगांव, शासकीय हाई स्कूल काशीखैरी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नयाखेड़ा बासादेही में छात्र- छात्राओं ने रंगोली व पेंटिग बनाकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इसी तरह शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गाडरवारा के छात्र- छात्राओं ने स्लोगन लेखन के माध्यम से मतदाता जागरूकता संदेश दिया और जनपद पंचायत सांईखेड़ा में सेल्फी प्वाइंट बनाकर सेल्फी लेकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। विधानसभा गाडरवारा में मां सरस्वती स्व सहायता समूह की महिलाओं, सुभाष वार्ड में कल्पना स्वसहायता समूह एवं उनके परिवार के सदस्यों द्वारा मां दुर्गा के प्रांगण में उपस्थित होकर मतदान की शपथ लेकर अन्य लोगों को भी मतदान करने का आग्रह किया। कर्मचारियों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली और घर- घर जाकर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया।

# कम्युनिकेशन टीम का प्रशिक्षण

**नरसिंहपुर।** लोकसभा निर्वाचन- 2024 की पूर्व तैयारियों के तहत निर्वाचन संबंधी सूचनाओं के सम्प्रेषण, रिटर्निंग अधिकारी स्तर पर गठित कम्युनिकेशन कक्ष से संपर्क एवं निर्वाचन अधिकारी स्तर से निर्वाचन आयोग तक विभिन्न सूचनाओं के सम्प्रेषण हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी स्तर पर कम्युनिकेशन कक्ष में निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ से समाप्त होने तक कार्य करने हेतु संलग्न लोक सेवकों का प्रशिक्षण कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शीतला पटले की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुआ।



कलेक्टर श्रीमती पटले द्वारा कर्मचारियों से कम्युनिकेशन कक्ष के दायित्व को लेकर क्या करना, कैसे करना हैं और क्यों करना हैं की जानकारी ली गई। ब्लॉक स्तर पर कम्युनिकेशन कंट्रोल रूम से संबंधित समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उक्त प्रशिक्षण में जिला कम्युनिकेशन कक्ष प्रभारी डीपीसी डॉ. आरपी चतुर्वेदी, प्रोग्रामर शरद यादव द्वारा संलग्न कर्मचारियों को पॉवर प्वाइंट स्लाइड के माध्यम से बिंदुवार प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान सहायक कलेक्टर शुभम यादव (आईएएस), प्रत्येक विधानसभा के कम्युनिकेशन कक्ष प्रभारी, जिला, ब्लॉक प्रोग्रामर व दल के सदस्य मौजूद थे।

# महिला मोर्चा द्वारा चौपाल कार्यक्रम का आयोजन

**गोटेगांव।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा नगर एवं ग्रामीण मंडल गोटेगांव द्वारा बूथ स्तर पर महिलाओं को भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा से जोड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल (मुन्ना भैया) एवं गोटेगांव विधायक महेंद्र नागेश के मार्गदर्शन में भाजपा महिला मोर्चा द्वारा नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लाभार्थी संपर्क अभियान प्रारंभ है। बिगत दिनों गोटेगांव नगर के पटेल बार्ड, गुरुनानक वार्ड एवं गोरादेवी वार्ड में महिला चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित महिलाओं को भारतीय जनता पार्टी की अनिवार्यता एवं मोदी सरकार की आवश्यकता को बतलाते हुए पार्टी की विचारधारा से जुड़ने का आह्वान किया गया। भाजपा महिला मोर्चा की लोकसभा प्रभारी डॉक्टर वंदना आर्य के नेतृत्व में महिला मोर्चा नगर एवं ग्रामीण मंडल की पदाधिकारी श्रीमती भानुमति तिवारी, श्रीमती दुर्गा आर्य ,श्रीमती अंजनी दीपक सोनी ,श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव, श्रीमती भानुमति तिवारी ,श्रीमती सुषमा उमरे द्वारा बार्ड एवं ग्राम स्तर पर महिला मतदाताओं से सघन जनसंपर्क किया जा रहा है।



नगर में विभिन्न स्थानों पर आयोजित महिला चौपाल कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

### महिलाओं की आत्मीय भागीदारी से संकल्प मजबूत

डॉक्टर वंदना आर्य ने कहा कि मोदी सरकार एवं मोहन सरकार के महिला कल्याण कार्यक्रमों से महिलाओं की स्थिति में बड़ा परिवर्तन देखा जा रहा है। आज देश की महिलाएं तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रही है। कौशल विकास उन्नयन,स्वरोजगार,स्व सहायता समूह एवं तकनीकी विकास के माध्यम से महिलाओं को विकास से जोड़ने में भाजपा सरकार का संकल्प लगातार पूर्ण हो रहा है। महिलाओं का आभार एवं अभिनंदन मंडल उपाध्यक्ष अंजनी सोनी( पार्षद) द्वारा किया

### इनकी रही उपस्थिति

कविता माधवानी, उमा पाराशर, हेमलता विश्वकर्मा, अर्चना चौरसिया, प्रमिता श्रीवास्तव ,दुर्गा झारिया, माया मेहरा , सीता ठाकुर, लक्ष्मी कहार, सुषमा ऊमरे, चंदा ठाकुर , लक्ष्मी सोनी, कविता पटेल, अर्चना चौरसिया। कार्यक्रम में महाविद्यालयीन छात्राओं को भा.ज.पा. की विचारधारा से अवगत कराते हुए उनका टी शर्ट पहनाकर सम्मान किया गया।

## एक नजर में

### विधानसभा गोटेगांव के लिए पिंक मतदान केन्द्र

**नरसिंहपुर।** लोकसभा निर्वाचन- 2024 के लिए विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 118 गोटेगांव के अंतर्गत 15 मतदान केन्द्रों को पिंक मतदान केन्द्र के लिए चयनित किया गया है। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर लोकसभा क्षेत्र- 14 मंडला विधानसभा क्षेत्र 118- गोटेगांव ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र गोटेगांव के अंतर्गत आने वाले मतदान केन्द्र क्रमांक 26 ग्राम पंचायत बगलई ऊजर, मतदान केन्द्र क्रमांक 29 शासकीय प्राथमिक शाला भवन गर्रा, मतदान केन्द्र क्रमांक 35 शासकीय प्राथमिक शाला भवन कमोद, मतदान केन्द्र क्रमांक 35 शासकीय प्राथमिक शाला भवन बरौदा, मतदान केन्द्र क्रमांक 93 शासकीय प्राथमिक शाला भवन रामनिवारी, मतदान केन्द्र क्रमांक 94 सीएम राईज स्कूल स्टॉफ रूम गोटेगांव, मतदान केन्द्र क्रमांक 96 शासकीय इंद्रा कन्या शाला का कक्ष क्रमांक एक गोटेगांव, मतदान केन्द्र क्रमांक 105 ठा. निरंजन सिंह शासकीय महा. विद्यालय पुस्तकालय के बाजू से कक्ष क्रमांक 28- 29, मतदान केन्द्र क्रमांक 109 शासकीय कन्या शाला भवन गोटेगांव, मतदान केन्द्र क्रमांक 115 कार्यालय वन विभाग दक्षिणी कक्ष गोटेगांव, मतदान केन्द्र क्रमांक 118 शासकीय प्राथमिक शाला भवन तिघरा, मतदान केन्द्र क्रमांक 123 एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला भवन दबकिया, मतदान केन्द्र क्रमांक 136 शासकीय माध्यमिक पुत्री शाला भवन पश्चिमी कक्ष बगासपुर, मतदान केन्द्र क्रमांक 141 शासकीय हाईस्कूल भवन पश्चिमी कक्ष चांदनखड़ा, मतदान केन्द्र क्रमांक 200 शासकीय कन्या शाला भवन कक्ष क्रमांक 02 श्रीनगर को पिंक मतदान केन्द्र के रूप में चयनित किया गया है। विदित है कि निर्वाचन में महिलाओं की सहभागिता बढ़ाने और उनका मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए यह पिंक बूथ बनाये जाते हैं। इसमें तैनात अधिकारी से लेकर सुरक्षा अधिकारी तक सिर्फ महिलायें होती हैं। इन केन्द्रों पर छोटे बच्चों को खेलने के लिए भी व्यवस्था होती है। इन बूथों को मतदान के लिए खास अंदाज में सजाया जायेगा।



### अमरपुर चौकी प्रभारी एवं जवानों द्वारा चिल्हारी में निकाला गया फ्लैग मार्च

**चिल्हारी ।** उमरिया जिले के अमरपुर चौकी अंतर्गत ग्राम चिल्हारी में अमरपुर महरोई सकेली उमरिया में आज दिनांक 18/4/2024को पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशानुसार चौकी प्रभारी विजय सेन के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया जोकि चिल्हारी बस स्टैंड से होते हुए मुख्य मार्ग बस्ती अंदर होते हुए बस स्टैंड में समापन किया गया वही चौंकी प्रभारी विजय सेन द्वारा ग्राम वासियों एवं क्षेत्रवासियों से शतप्रतिशत मतदान निष्पक्ष एवं बिना किसी प्रलोभन के निडर होकर मतदान करने की अपील की गई है मतदान करना आप सब का अधिकार है इसका उपयोग कर राष्ट्र निर्माण के भागीदार बनें ।

### खुले बोरवेल बंद करने की मुहिम में जनता ने दिया कलेक्टर का साथ एवं धन्यवाद

नवभारत,दमोह.कलेक्टर सुधीर कोचर ने जिले के लोगों को खुले बोरवेल बंद करने की मुहिम में साथ देने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद ज्ञापित किया है। उन्होंने कहा आज 04 खुले बोरवेल होने की सूचना मिली। एसडीएम दमोह बागरी के नेतृत्व में सीईओ जनपद दमोह पूनम दुबे, अनुविभागीय अधिकारी पीएचई अशोक मुकाती, पंचायत सचिव अरुण जैन तथा ग्राम हिरदेपुर की टीम के द्वारा आज चारों बोरवेल बंद कराया गया।



# बाबा साहब की जयंती मनाई गई

**नरसिंहपुर।** आज जनपद मैदान स्थित युवा कांग्रेस कार्यालय में भारत रत्न, बौधिस्त्व,भारतीय संविधान निर्माता बाबासाहब डॉ भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती मनाई गई।

जिसमे जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत , कांग्रेस नेता राजेन्द्र नेमा , आशीष दुबे , अजय दुबे , युवा कांग्रेस नेता अतुल चौरसिया , विधानसभा अध्यक्ष रोहित पटेल , बुद्धिप्रकाश विश्वकर्मा , विवेक पटैल ने डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला. जयंती समारोह में विजय आजाद ,मनोज राव , अजय मालवीय , मदन महाराज , संतोष शुक्ला , प्रतीक त्रिवेदी , गोपाल दुवे ,ब्लॉक अध्यक्ष अमित राय ,ऋषि जाट , रज्जू पाठक ,सिद्धांत जायसवाल , अन्नी यादव शिवम पाठक , मो उस्मान ,शेफीक खान आदि बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# एसएमडीसी की बैठक आयोजित

**साईखेड़ा।** आज सी एम राइज स्कूल साईखेडा में शासन के निर्देश अनुसार छात्रों एवं अभिभावकों को आमंत्रित कर एस एम डी सी कि बैठक का आयोजन किया। संस्था प्राचार्य सी के विश्वकर्मा ने उपस्थित सदस्यों से छात्र नामांकन, उपस्थित, उपलब्धि स्तर तथा आगामी सत्र की कार्ययोजना पर चर्चा की।



स्कूल लीडर राजपूत, चौधरी व शिक्षक साथिओ ने भी अभिभावकों से सीधा संवाद कर छात्रों की प्रगति, स्कूल में किए जा रहे विभिन्न प्रयासों को की विस्तार पूर्वक चर्चा की। सभी अभिभावकों ने सहयोग करने का आश्वासन दिया। केरियर प्रभारी भागीरथ,मनोहर पटेल ने केरियर कार्ड के मध्यम से विभिन्न अवसरों से छात्रों को रूबरू कराया,सभी शिक्षक उपस्थित रहे। मोनिका राय ने मंच संचालन एवं भानु प्रताप राजपूत ने आभार प्रदर्शन किया ।

### 70 डाक मत पत्र डाले गये

नरसिंहपुर। कलेक्ट्रेट कार्यालय नरसिंहपुर में स्थापित जिला स्तरीय फेसिलिटेशन सेंटर में 15 अप्रैल को 70 डाकमत पत्र डाले गये। डाले गये डाकमत पत्रों में लोकसभा क्षेत्र 13- जबलपुर के तहत 65 डाकमत पत्र, 14- मंडला के तहत एक डाकमत पत्र, 15- बालाघाट के तहत तीन डाकमत पत्र और 16- छिंदवाड़ा के तहत एक समेत कुल 70 डाकमत पत्र डाले गये। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नरसिंहपुर ने जिला स्तरीय फेसिलिटेशन सेंटर पर उक्त अवधि में डाले गये डाकमत पत्रों की जानकारी संबंधित संसदीय क्षेत्र के अभ्यर्थी/ प्रतिनिधियों/ राजनैतिक दलों को सूचित करने के लिए जबलपुर, मंडला, छिंदवाड़ा व बालाघाट के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी से कहा गया है।

# सुविधाओं की मांग को लेकर ग्रामीण लामबंद

**चिल्हारी ।** मानपुर विधानसभा के ग्राम बमेरा में सड़क,बिजली और बुनियादी सुविधाओं की मांग को लेकर ग्रामीण मतदान के बहिष्कार को लेकर लामबंद,एसडीएम ने समझाइश के माध्यम से मतदान कराने का किया दावा।

उमरिया जिले में लोकसभा चुनाव के तहत 19 अप्रैल को होने वाले मतदान को लेकर जहां प्रशासन पूरी तैयारियां करने में जुटा है वहीं गांवों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार न होने से ग्रामीणों ने चुनाव में मतदान के बहिष्कार का ऐलान कर दिया है,मामला जिले के मानपुर विधानसभा के ग्राम बमेरा का है जहां सड़क,बिजली स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी के कारण ग्रामीणों ने चुनाव में मतदान के बहिष्कार का ऐलान किया है,और गांव के बाहर एक बोर्ड लगा दिया है की रोड नही तो वोट नहीं,बता दें गांव में पंहुच मार्ग के लिए पक्की सड़क न होने ग्रामीणों को कई तरह की मशक्कत का सामना करना पड़ता है,सड़क न होने से स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी सुविधाओ से भी ग्रामीण वंचित हैं।




बता दें ग्राम बमेरा बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की कोर सीमा में आता है और चारो ओर से सघन वनों से घिरा है,गांव में बाघ सहित जंगली हाथी और अन्य हिंसक वन्य जीवों का भी लगातार खतरा बना रहता है आए दिन वन्य जीवों के हमले से कभी मवेशी तो ग्रामीण शिकार हो जाते हैं,कोर एरिया के भीतर होने से गांव तक न तो पक्की सड़क बनाई जा सकती और न ही सुविधाओ के विस्तार के लिए पक्के निर्माण कार्य कराए जा सकते लिहाजा ग्रामीण आज भी बुनियादी सुविधाओं से महरूम है ।


### इनका कहना है

ग्रामीणों की आवश्यक सुविधाओ के विस्तार के लिए पार्क प्रबंधन को अस्थाई सड़क निर्माण कराने का अधिकार है लेकिन पार्क प्रबंधन की लापरवाही के कारण ग्रामीणों को स्थाई तो अस्थाई सुविधा भी नही मिल पा रही है,ग्रामीणों के द्वारा मतदान के बहिष्कार के ऐलान के बाद प्रशासन के कान खड़े हुए हैं और ग्रामीणों को समझकर मतदान कराने का दावा किया जा रहा है।

**कमलेश कुमार नीरज**
**( एसडीएम मानपुर )**

# छंगा कुशवाहा ने छाती में उगाए जवारे

**चिल्हारी ।** जिले के मानपुर जनपद अंतर्गत बसा चिल्हारी ग्राम स्थित खेर माता मढिया में 45 साल के छंगा कुशवाहा ने एक अनूठी तपस्या में लीन हैं। वे पिछले 7 दिन से एक ही मुद्रा में लेटे हुए हैं और छाती पर जवारे बोए है चैत्र माह की भीषण गर्मी में बिना एक बूंद जल के अपने छाती पर जवारे उगाएं है अभी दो दिन और इसी मुद्रा में रहेंगे। अष्टमी को जागरण के बाद नवमी की सुबह पास ही के सरोवर में जवारे विसर्जन के लिए जाएंगे। इस दौरान न अन्न का एक दाना और न एक पानी की बूंद ग्रहण की है। छेगा कुशवाहा बताते हैं- तपस्या से सात दिन पहले ही अन्न-जल छोड़कर खुद को इसके लिए तैयार करते हैं। पहले दिन हल्की सी अकड़न महसूस हुई लेकिन धीरे-धीरे माता के आशीर्वाद से सब कुछ ठीक है। न गला सूख रहा है न होंठ। छंगा की इस तपस्या को देखने के लिए दूर-दूर से लोग आने लगे हैं।



# तालाबों में खिले सफेद, गुलाबी कमल का फूल, हर तरफ सादगी के साथ मनमोहक

**नवभारत,दमोह/पथरिया. प्रगति के पास हमारे लिए देने को तो बहुत कुछ है वैसे इन दिनों देखा जाए तो तालाबों में लगे पुरेन के हरे-भरे गोल - गोल पत्तों व उसमें खिले सफेद,गुलाबी कमल का फूल हर तरफसादगी के साथ मनमोहक लगते है। एक पल के लिए देखने वालों का ध्यान तालाब की तरफ केंद्रित हो जाता है हरप्रसाद ( गद्दो ) रैकवार लखरोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि वैसे कमल का फूल विशेष रूप से दीपावली पर माँ लक्ष्मीजी की पूजा में चढ़ाया जाता है।** इसका पत्ता धार्मिक अनुष्ठानों व शादी विवाह,तेरहवीं भोज,भंडारे में पंगत आदि इस्तेमाल में लिया जाता है कमल गट्टा के बीज़ को लोग शौक से खाते हैं एवं पुरेन की जड़ (मुरार) की सब्जी बनाई जाती है। जिसकी कीमत अन्य सब्जियों से अधिक होती है बीज़ व जड़ दोनों स्वस्थ्य स्त्रोतों के साथ कई विटामिन भी पाए जाते हैं.,